कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – गोपनीय / 2019 / 2654 दिनांकः 22–08–2019

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
बी0एड0 परिसर / महाविद्यालय / संस्थान
सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

महोदय / महोदया,

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 की काउसिंलिग के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित योग्यता सूची के अनुसार परिसर / महाविद्यालय / संस्थान में दिनांक 19–08–2019 से 23–08–2019 तक प्रथम चरण के प्रवेश किये जा रहे हैं।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 हेतु स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा के अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों (Appearing Students) को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया गया था। बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 में ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम परिसर / महाविद्यालय / संस्थान में प्रवेश की तिथि तक घोषित नहीं हो पाया है, जिसके कारण सम्बन्धित अभ्यर्थी बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने से वंचित हो रहे हैं।

अतः विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में निर्णय लिया गया है कि ऐसे समस्त अभ्यर्थी जो स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा के अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे उन अभ्यर्थियों से सम्बन्धित परिसर / महाविद्यालय / संस्थान द्वारा इस आशय का शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा कि ''यदि अभ्यर्थी स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा में बी0एड0 में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करता है तो उसका प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों का बी0एड0 प्रवेश के समय जमा किया गया शुल्क विश्वविद्यालय के नियमानुसार ही वापस किया जायेगा।'' अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि ऐसे अभ्यर्थियों को उपरोक्त के अनुरूप नियमानुसार प्रवेश प्रदान किये जाने की प्रक्रिया सम्पन्न की जाय।

आपको यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 23 अगस्त 2019 को जनमाष्टमी के अवकाश तथा 24 अगस्त 2019 को बैक के अवकाश के दृष्टिगत बी0एड0 में प्रवेश की अंतिम तिथि कों दिनांक 26–08–2019 तक विस्तारित किया जाता है।

कृपया उपरोक्तानुसार अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

Sanjay Pant 22/08/19
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

Sanjay Pant 22/08/19
परीक्षा नियंत्रक